डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में बनाए जाएंगे ड्रोन

लखनऊ। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में अत्याधुनिक ड्रोन बनाए जाएंगे। ये ड्रोन डिजास्टर मैनेजमेंट, सुरक्षा, कृषि, व्यापार, मीडिया के साथ बाढ़ प्रभावित व दूर दराज के इलाकों में दवाइयां पहुंचाने में भी मददगार होंगे। ड्रोन निर्माण प्लांट लगाने के लिए एलन एंड अल्वन प्राइवेट लिमिटेड ने 30.75 करोड़ और एंकोर रिसर्च लैब एलएलपी ने 550 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। दोनों कंपनियों को अलीगढ़ में फैक्टरी लगाने के लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है।

यूपीडा के अधिकारी ने बताया कि अलीगढ़ नोड में फैक्टरी लगाने के लिए 29 कंपनियों ने प्रस्ताव दिए हैं। 19 कंपनियों को अब तक 55.40 हेक्टेयर

दो कंपनियां करेंगी 581 करोड़ रुपये का निवेश

भूमि दी जा चुकी है। ये कंपनियां अलीगढ़ नोड में 1245.75 करोड़ का निवेश कर रक्षा संबंधी उपकरण बनाएंगी। उन्होंने बताया कि एलन एंड अल्वन प्राइवेट लिमिटेड तथा एंकोर रिसर्च लैब एलएलपी सेना के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ड्रोन का निर्माण करेंगी। दोनों कंपनियां जल्दी ही फैक्टरी निर्माण शुरू करेंगी। ब्यूरो